दिन–शनिवार दिनांक– 21 / 02 / 2026

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 02:00 बजे से। अवधि – 05 मिनट

नई दिल्ली में आयोजित इंडिया एआई इम्पैक्ट प्रदर्शनी का आज आखिरी दिन है। प्रदर्शकों, नवप्रवर्तकों और आगंतुकों की जबरदस्त प्रतिक्रिया को देखते हुए सरकार ने प्रदर्शनी को एक दिन का विस्तार दिया था। हमारे संवाददाता ने बताया है कि अंतिम दिन बिहार पवेलियन समेत सभी पवेलियन में लोगों की भारी भीड़ उमड़ रही है। प्रदर्शनी आज शाम छह बजे तक खुली रहेगी।

———————————————————

केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा है कि इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट में कई तकनीकी समाधान प्रस्तुत किए गए। श्री वैष्णव ने आज समिट का दौरा किया। उन्होंने कहा कि युवाओं में एआई समिट को लेकर काफी उत्साह है। श्री वैष्णव ने कांग्रेस कार्य़कर्ताओं के समिट स्थल पर आयोजित प्रदर्शनी में हंगामे की आलोचना की। उन्होंने कहा कि लोगों ने इसे बेहद शर्मनाक बताया है।

———————————————————

केंद्रीय मंत्री राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह ने एआई इम्पैक्ट समिट के दौरान युवा कांग्रेस कार्यकर्ताओं के प्रदर्शन को दुर्भाग्यपूर्ण बताया है। दिल्ली में पत्रकारों से बातचीत करते हुए उन्होंने कहा कि इस घटना की जितनी निंदा की जाए कम है। उन्होंने कहा कि एक ओर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी विकसित भारत के लक्ष्य की ओर देश को ले जा रहे हैं। वहीं, कांग्रेस पार्टी घटियास्तर की राजनीति कर देश के मान–सम्मान को ठेस पहुंचा रही है।

———————————————————

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने पिछले वर्ष मोंथा तूफान के कारण हुई अतिवृष्टि और बाढ़ से हुई फसल क्षति के मुआवजे के लिए किसानों के बैंक खाते में आज एक सौ करोड़ रूपये से अधिक की राशि अंतरित की। श्री कुमार ने पटना में आयोजित कार्यक्रम के दौरान दो लाख से अधिक किसानों के खाते में डीबीटी के माध्यम से यह राशि भेजी। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और विजय कुमार सिन्हा, आपदा

प्रबंधन मंत्री नारायण प्रसाद तथा कृषि मंत्री रामकृपाल यादव समेत अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे।

———————————————————————

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल सुबह ग्यारह बजे आकाशवाणी के मन की बात कार्यक्रम में देश और विदेश के लोगों से अपने विचार साझा करेंगे। यह मासिक रेडियो कार्यक्रम का एक सौ इकतीसवां संस्करण होगा। मन की बात का प्रसारण आकाशवाणी और दूरदर्शन के पूरे नेटवर्क पर किया जाएगा। इसके अलावा आकाशवाणी की वेबसाइट तथा न्यूज ऑन एआईआर मोबाइल एप पर भी यह उपलब्ध होगा। कार्यक्रम को प्रसार भारती के वेव्स ओटीटी प्लेटफार्म पर भी सुना जा सकता है। मन की बात कार्यक्रम का आकाशवाणी, दूरदर्शन समाचार, प्रधानमंत्री कार्यालय और सूचना तथा प्रसारण मंत्रालय के यूट्यूब चैनलों पर भी सीधा प्रसारण होगा। इसके तुरंत बाद मैथिली भाषा में इसका प्रसारण आकाशवाणी के दरभंगा केन्द्र से किया जायेगा। इसी प्रसारण को दोबारा रात्रि आठ बजे से भी सुना जा सकता है।

———————————————————————

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कहा है कि दो हजार पांच से ही राज्य की एनडीए सरकार सभी वर्गों के उत्थान और हर क्षेत्र के विकास के लिए कार्य कर रही है। श्री कुमार ने कहा कि राज्य में स्वास्थ्य सेवाएं बेहतर और उन्नत हो रही हैं। मुख्यमंत्री आज पटना में आईजीआईएमएस परिसर में बन रहे बारह सौ बेड वाले अस्पताल सह आवासीय भवन के निर्माण कार्य का निरीक्षण कर रहे थे। उन्होंने अधिकारियों को निर्माण कार्य को जल्द पूरा करने के निर्देश दिये।

———————————————————————

आईसीसी टी–ट्वेंटी क्रिकेट विश्व कप में सुपर–एट चरण के मुकाबले आज से शुरू हो गये हैं। सुपर–एट के पहले मुकाबले में आज शाम सात बजे से न्यूजीलैंड का सामना पाकिस्तान से होगा। यह मैच कोलंबो के आर. प्रेमदासा स्टेडियम में खेला जाएगा। वहीं, भारत सुपर–एट में अपने अभियान की शुरूआत कल दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ मुकाबले से करेगा। यह मैच अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में खेला जाएगा।

———————————————————————

शेखपुरा जिले के नगर थाना क्षेत्र अंतर्गत बाजिदपुर गांव से पुलिस ने एक अपराधी को एक देसी पिस्तौल और कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है।

———————————————————————

सीवान जिले के मैरवा–गुठनी मुख्य मार्ग पर बभनौली माध्यमिक स्कूल के पास एक तेज रफ्तार ट्रक की चपेट में आने से एक युवती की मौत हो गई। घटना से आक्रोशित ग्रामीणों ने सड़क जाम कर प्रदर्शन किया।

———————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।